# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (07.03.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:07.03.2025, PAGE-05**

# बीआरएबीयू की प्रस्तुति पर लगे जय बिहार के नारे




नोएडा में एआईयू राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रस्तुति देती बीआरएबीयू की टीम।

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू टीम की प्रस्तुति पर नोएडा में चल रहे 38वीं एआईयू राष्ट्रीय युवा-महोत्सव में जय बिहार के नारे लगे। कार्यक्रम का आयोजन एमिटी विवि में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में टीम की सभी प्रतिभागियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

एलएस कॉलेज के रजनीश कुमार ने मिमिक्री का बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। समूह लोकनृत्य में एमजेके कॉलेज की अर्पिता कुमारी, शुगुन श्रीवास्तव, आस्था राज, समीक्षा कुमारी, श्वेता कुमारी, एलएनटी कॉलेज की अनन्या कुमारी और बरखा कुमारी, डॉ. राम मनोहर लोहिया कालेज की साक्षी प्रिया, अंजली कुमारी, श्रृष्टि प्रसून, शिवांशी शंकर एवं कौशिकी पूजा ने बेहतर प्रदर्शन किया। तबला वादक, मुकुंद कुमार, पारकर्सन वादक, कुन्दन कुमार, और हारमोनियम वादक, अंकित कुमार ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम की प्रस्तुति में चार चांद लगा दिया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:07.03.2025, PAGE-04**

# व्याख्यान में बताई वैश्विक व्यापार में भारत की भूमिका

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में गुरुवार को ' व्याख्यान का आयोजन किया गया। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर राजेंद्र राय ने वैश्विक व्यापार में भारत की भूमिका और हालिया व्यापार नीतियों पर प्रकाश डाला।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 07.03.2025, PAGE-04**

# पीजी में थर्ड लिस्ट से पहले एडिट का मिलेगा विकल्प, खुलेगा पोर्टल

## दूसरी मेधा सूची से नामांकन के लिए 10 मार्च तक समय

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी सत्र 2024-26 के लिए थर्ड मेरिट लिस्ट तैयार करने से पहले आवेदकों को एडिट का विकल्प दिया जाएगा। इसमें वे विषय और संस्थान का विकल्प बदल सकेंगे।

पीजी विभाग और कालेजों में पहली मेरिट लिस्ट से एडमिशन पूरा होने के बाद करीब पांच हजार सीट बची थी, लेकिन करीब आधा दर्जन विषयों में आवेदक नहीं होने के कारण करीब तीन हजार सीटों के लिए ही सेकेंड मेरिट लिस्ट जारी की जा सकी है। इसके बाद विश्वविद्यालय की ओर से विषयवार रिक्ति जारी की जाएगी। बताया जा रहा है कि थर्ड लिस्ट से पहले एडिट के लिए पोर्टल खोला जाएगा। जिन विषयों में अधिक सीटें बची हैं उसमें अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। पीजी में एडमिशन के लिए 26 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। इतिहास व हिंदी सहित कुछ विषयों में सीट से दोगुने से अधिक आवेदन हुए हैं। मैथिली, संस्कृत सहित कई अन्य विषयों में सीट से बहुत कम आवेदन प्राप्त हुआ है। ऐसे में सीट भरना भी मुश्किल है। हजारों छात्र एडमिशन के लिए चक्कर लगा रहे हैं। 10 मार्च तक सेकेंड मेरिट लिस्ट से एडमिशन के लिए समय दिया गया है।

- सत्र 2024-26 में अब विषयवार रिक्ति जारी करने की तैयारी
- इतिहास और हिंदी सहित कुछ विषयों में सीट से दोगुना आवेदन



### थर्ड सेमेस्टर की 10 से होगी प्रायोगिक परीक्षा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक सत्र 2023-27 के थर्ड सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 10 मार्च से होगी। सभी कालेजों को 20 मार्च तक प्रायोगिक परीक्षा करानी है। वहीं 24 मार्च को मार्क्स फाइल बनाकर परीक्षा विभाग को उपलब्ध करानी है। परीक्षा नियंत्रक ने गुरुवार को सभी अंगीभूत व संबद्ध कालेजों को पत्र भेजा है। इसके अनुसार थर्ड सेमेस्टर का परीक्षा फार्म 10 मार्च तक बिना विलंब शुल्क के भरा जाएगा। इसके बाद 11 व 12 मार्च को विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म स्वीकार किए जाएंगे। इस बीच 10 मार्च से महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा होगी। परीक्षा नियंत्रक ने कहा है कि सभी कालेजों के प्राचार्य अपने स्तर से नजदीक के महाविद्यालयों के शिक्षकों को वाह्य परीक्षक नियुक्त कर प्रयोगिक परीक्षा संचालित करेंगे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR
MUZAFFARPUR
DATE:07.03.2025
PAGE-04

## विवि की टीम का लोक नृत्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**मुजफ्फरपुर** नोएडा में आयोजित 38वीं एआइयू राष्ट्रीय युवा-महोत्सव-2024-25 में बीआरएबीयू टीम ने लोक नृत्य की प्रस्तुति दी. दर्शकदीर्घा में विवि टीम की प्रस्तुति पर जय बिहार के नारे लगने लगे. टीम की प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. बीते पांच मार्च को रजनीश कुमार, एलएस कॉलेज, ने मिमिक्री का बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया. समूह लोकनृत्य में अर्पिता, एमजेके कॉलेज, बेतिया, शगुन श्रीवास्तव, आस्था राज, समीक्षा कुमारी, श्वेता कुमारी, एलएनटी कॉलेज, अनन्या कुमारी एवं बरखा कुमारी, डॉ आरएमएलएस कॉलेज, साक्षी प्रिया, अंजली कुमारी एवं श्रृष्टि प्रसून, आरडीएस कॉलेज, तथा शिवांशी शंकर व कौशिकी पूजा, एमडीडीएम कॉलेज समूह-नृत्य में भिखारी ठाकुर द्वारा रचित गीत बिदेसिया में होली के अंश को जोड़ा गया है. इस दौरान सांस्कृतिक समन्वयक प्रो. (डा.) इन्दुधर झा एवं टीम मैनेजर डॉ. पयोली ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया.

PRABHAT KHABAR
MUZAFFARPUR
DATE:07.03.2025
PAGE-04

## विवि : थर्ड सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 10 मार्च से शुरू होगी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में स्नातक सत्र 2023-27 के थर्ड सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 10 मार्च से शुरू होगी. सभी कॉलेजों को 20 मार्च तक प्रायोगिक परीक्षा करा लेनी है. इसके साथ ही 24 मार्च तक तीन प्रति में मार्क्स फाइल बनाकर परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराना है. थर्ड सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म 10 मार्च तक बिना विलंब शुल्क के भरा जायेगा. इसके बाद 11 व 12 मार्च को विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म स्वीकार किया जायेगा. इस बीच 10 मार्च से गृह महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा होगी. इसको लेकर गुरुवार को परीक्षा नियंत्रक की ओर से सभी अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों को पत्र भेजा गया है.